Need to re-develop water bodies and community centres in North- West Delhi-Laid

श्री योगेन्द्र चांदोलिया **(**उत्तर**-**पश्चिम दिल्ली**) :** मैं आज अपने संसदीय क्षेत्र उत्तर पश्चिम दिल्ली में जल निकायों एवं समुदाय केंद्रों के विकास के बारे में इस सदन का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ । मेरे निर्वाचन क्षेत्र में समुदाय केंद्र और जल निकाय दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए), राजस्व विभाग और बाढ़ और सिंचाई विभाग सहित कई एजेंसियों के अधिकार क्षेत्र में हैं । मैं सरकार से अनुरोध करता हूँ कि उत्तर पश्चिम दिल्ली में सभी समुदाय केंद्रों एवं जल निकायों की पहचान करें, जल निकायों के संरक्षण और सौंदर्यीकरण के लिए एक व्यापक योजना विकसित करें और इन समुदाय केंद्रों एवं जल निकायों के रखरखाव के लिए ज़िम्मेदार एजेंसियों के बीच समन्वय सुनिश्चित कर सभी समुदाय केंद्रों एवं जल निकायों को पुन: विकसित किया जाए ।